प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज भाजपा विधायकों ने नवीन जायसवाल के नेतृत्व में नल–जल योजना में भ्रष्टाचार और विफलता के आरोपों को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। विपक्षी विधायकों ने केंद्र द्वारा आवंटित 10 हजार करोड़ के दुरुपयोग का दावा करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कोलकाता से आनंद विहार–पुरुलिया साप्ताहिक एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन दिल्ली और झारखंड–बंगाल के बीच संपर्क को और मजबूत करेगी। रांची रेल मंडल के मुरी स्टेशन पर दोपहर सवा तीन बजे और रांची स्टेशन पर शाम पांच बजे विशेष स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल असम के गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी की। राज्य के साहिबगंज जिले के 20 हजार से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं। जिले के किसानों ने समय पर मिली इस आर्थिक सहायता के लिए केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

****

भारत पेट्रोलियम ने देश भर में रसोई गैस की निर्बाध और विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया है। कंपनी ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि उनके मजबूत वितरक नेटवर्क और समन्वित प्रयासों के कारण घरेलू उपभोक्ताओं को बिना किसी रुकावट के सिलेंडर मिल रहे हैं। बीपीसीएल ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत कर गैस की कमी की हर संभावना को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है।

****

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आज जमशेदपुर के सिदगोड़ा टाउन हॉल में विधिक सेवा शिविर और राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने इसका उद्घाटन करते हुए जनता से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में 18 सरकारी विभागों ने स्टॉल लगाकर परिसंपत्तियों का वितरण किया। न्यायमूर्ति ने न्याय को सुलभ बनाने और लोक अदालतों के माध्यम से त्वरित समाधान पर जोर देते हुए जागरूकता अभियान में मीडिया की भूमिका की सराहना की।

****

देवघर के शिल्पग्राम ऑडिटोरियम में आज राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने शी–सर्व्स कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने महिलाओं को राष्ट्र की प्रगति का सशक्त स्तंभ बताते हुए 16 से 23 वर्ष की छात्राओं को रक्षा और सुरक्षा बलों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर चर्चा की। कार्यक्रम में आयोग के सदस्यों सहित जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

****

मेदिनीनगर नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर अरुणा शंकर और सभी 35 वार्ड पार्षदों ने आज पद और गोपनीयता की शपथ ली। प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय ने उन्हें शपथ दिलाई। दूसरी बार जीत दर्ज करने वाली अरुणा शंकर ने कहा कि शहर का सर्वांगीण विकास और सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना उनकी मुख्य प्राथमिकता होगी। इस बीच मनोज सिंह को निर्विरोध उपमहापौर चुन लिया गया है।

****

झारखंड पर्यटन एवं सांस्कृतिक निदेशालय और प्रज्वलित विहार की ओर से आज रांची में एकदिवसीय सांस्कृतिक कार्यशाला सह प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में स्थानीय कलाकारों ने यहां अपनी कला का प्रदर्शन किया। संस्था के सचिव आर. आर. मेहता ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य जनजातीय लोक संस्कृति को बचाना और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ना है।

*******समाप्त********